धनी, बिहार में स्वयंसेवी संगठनों को विदेशी चंदे

675. **श्री रामदेव भंडारी** : क्या गृह मंत्री यह ा की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दो वर्षों और चालू वर्ष में मधुबनी, र की स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा विदेशी संस्थाओं से की गई अथवा प्राप्त की जाने वाली सहायता राशि ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सहायता करने वाली ाओं और सहायता राशि कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है;

(ख) स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा उपयोग की जा रही की निगरानी किस प्रकार की जाती है; और

(ग) इन संस्थाओं के विरुद्ध राशि का दुरुपयोग किए की स्थिति में क्या कार्रवाई की जाती है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी): (क) ुबनी, बिहार में 28 स्वयं-सेवी संगठनों के नामों का विवरण संलग्न है (**नीचे देखिए**)। इन संगठनों ने ीण विकास, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी ायता, अनाथों की देखभाल, इत्यादि जैसे प्रयोजनों के ए वर्ष 1995-96 में 71,58,253/- रुपये, 96-97 में 39,02,616/- रुपये तथा 1997-98 के न 69,96,698/- रुपये की कुल विदेशी अभिदाय श प्राप्त करने की सूचना दी है।

(ख) विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 76 के तहत पूर्व अनुमति प्राप्त पंजीकृत संगठनों को, येक वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त और उपभोग की गई देशी अभिदाय की राशि की सूचना, जिसे किसी चार्टर्ड काउंटेंट द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित किया गया हो, न्द्र सरकार को भेजना अपेक्षित होता है। केन्द्र सरकार इस अधिनियम के अधीन ऐसे संगठनों के खातों थवा रिकार्डों का निरीक्षण/किसी भी बही खाते की खा परीक्षा करवाने के आदेश देने के अधिकार प्राप्त ।

(ग) कार्रवाई में शामिल है—संगठन को र्व-अनुमति वाली श्रेणी में रखना, उसे विदेशी अभिदाय प्त करने से रोकना, उसके बैंक खातों को फ्रीज करना था न्यायालय में उस पर मुकद्मा चलाना।

विवरण

क्रम सं०	मधुबनी, बिहार के संगठनों के नाम
1.	घोघरदीहा प्रखण्ड स्वराज्य विकास संघ।
2.	ग्राम विकास परिषद।
3.	ग्रामीण सेवा।
4.	कृति सामजिक शैक्षणिक और सांस्कृति विकास संस्थान।
5.	महिला विकास सदन।
6.	सामाजिक विकास संस्थान।
7.	सोसायटी फार रूरल डेवलपमैंट।
8.	सामाजिक शैक्षणिक विकास केन्द्र।
9.	अरूणोदय रचनात्मक परिषद।
10.	अदिती खादी ग्रामोद्योग बुनकर संघ।
11.	अभिज्ञान दिशा।
12.	आजाद खादी ग्रामोद्योग बुनकर सेवा संघ।
13.	बिहार सेवा समिति।
14.	बौद्ध शिक्षण कल्याण समिति।
15.	फुल-पराश प्रखण्ड सर्वोदय विकास संस्थान।
16.	ग्रामीण समग्र सेवा संस्थान।
17.	मधुबनी जिला समग्र विकास संस्थान।
18.	मिथिला कलाकार संघ।
19.	मिथिला संस्कृत संघ।
20.	महिला संस्कृत संघ।
21.	प्रखण्ड लोक् विकास समिति।
22.	राष्ट्रीय ग्रामीण विद्यापीठ।
23.	सैल्फ एम्पलायड वूमेंस एसोसियेशन।
24.	21वीं सैंचुरी रूरल डैवलपमैंट संस्थान।
25.	विद्यापतों सामाजिक एवं शिक्षण विकास संस्थान।
26.	हस्तकला विकास केन्द्र।
27.	आवासीय शिशु विद्यालय।
28.	कमलेश्वरी अंतोदय आश्रम।

Antique Theft

2676. MISS MABEL REBELLO:
SHRI RAJNATH SINGH "SURYA":

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that antique theft is increasing in the country;